तेरा इन्तजार है मैया आंबे जी

तेरा इन्तजार है मैया आंबे जी,
हम को तुमसे प्यार है मेरी मैया जी ,

आपका भरोसा माँ आप का सहारा है,
आप हो दया के सागर दास ने पुकारा है,
नाव मझधार है मेरी मैया जी,
हम को तुमसे प्यार है मेरी मैया जी ,

कोई कहवे देवी दुर्गा कोई शेरोवाली माँ,
कोई कहे मात भवानी कोई जगदम्बे माँ,
दर पे तेरे आये है मैया आंबे जी,
हम को तुमसे प्यार है मेरी मैया जी ,

चाँद सितारे सारे इशारे पे चलते है,
कही पे अँधेरी राते कही द्वीप जलते है,
करुण पुकार है मेरी मैया जी,
हम को तुमसे प्यार है मेरी मैया जी ,

आपको हजारो बार मेरा नमस्कार है ,
मंदिर है सूंदर तेरा सच्चा वैष्णो धाम है,
किरण की पुकार है मेरी मैया जी,
हम को तुमसे प्यार है मेरी मैया जी ,

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw